<u>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (का.हि.वि.), वाराणसी</u>

<u>हिंदी कार्यशाला</u>

विषय: “राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम: 2022-23 में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति”
(दिनांक 30.12.2022)

संस्थान में दिनांक 30 दिसंबर, 2022 को अपराह्न 03.00 बजे से एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन ऑन लाइन माध्यम से किया गया। उक्त कार्यशाला का विषय “राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम: 2022-23 में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति” था। कार्यशाला के प्रशिक्षक डॉक्टर संजय कुमार सिंह, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, बनारस रेल इंजन कारख़ाना, वाराणसी थे। इस कार्यशाला में संस्थान के गैर-शैक्षणिक अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सहभागिता की गई। प्रशिक्षक महोदय ने अपना परिचय देते हुए कार्यशाला के विषय के संबंध में गहनता से सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। उन्होंने यह बताया कि राजभाषा संकल्प 1968 एवं राजभाषा अनुच्छेद 351 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा हिंदी के प्रगामी प्रयोग के लिए वार्षिक कार्यक्रम बनाया गया। यह वार्षिक कार्यक्रम प्रति वर्ष राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जाता है। उक्त वार्षिक कार्यक्रम में हिंदी में वर्ष के दौरान कार्य करने के लिए विभिन्न मदों पर तीन क्षेत्रों (क,ख,ग) के लिए अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किये गए हैं और भारत सरकार के प्रत्येक मंत्रालयों/विभागों, बैंकों, अधीनस्थ कार्यालयों, स्वायत्त निकायों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का यह दायित्व है कि वह इन लक्ष्यों को प्राप्त करने का भरसक प्रयास करें। डॉ. संजय कुमार सिंह ने हिंदी में मूल पत्राचार, टिप्पण लेखन, डिक्टेशन, की- बोर्ड पर टंकण(स्वयं/सहायक द्वारा), पुस्तकों की खरीद पर व्यय, फार्मों, कोड, मैनुअल आदि का द्विभाषीकरण, हिंदी सलाहकार बैठक, नराकास तथा राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें इत्यादि में निर्धारित लक्ष्यों से सभी को अवगत कराया।

संस्थान के श्री रवि कुमार, सहायक कुलसचिव (राजभाषा) ने प्रशिक्षक महोदय को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कार्यशाला में ऑन लाइन माध्यम से जुड़े सभी सहभागियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।